(c) Suggestions were made on various usages of geo-synthetics in construction of payment, embankment and protection works and on reduction in duty, etc.

(d) and (e) Such usages have already been made on a limited scale due to high cost of geo-synthetics.

दिल्ली से सिरसा तक राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 10 को चार लेने वाला बनाने के लिए राशि

4231. **श्री रामजीलाल:** क्या जल- भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली से सिरसा, वाया हिसार के राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 10 को चार लेन वाला बनाने के लिए चालू वर्ष के वजट में कितनी राशि उपलब्ध करवाई गई है;

(ख) यदि हां, तो इस कार्य के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है:

(ग) क्या बजट में उक्त प्रावधान राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 10 के लिए प्रर्याप्त नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी. जी. वेंकटरामन): (क) से (घ) हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 11.00 करोड़ रु. की राशि निर्धारित की गई है । निधियों का आबंटन राज्यवार किया जाता है न कि परियोजना-वर । दिल्ली से सिरसा तक राष्ट्रीय राजमार्ग 10 को चार लेन का बनाए जाने से संबंधित स्थिति इस प्रकार है:-

(i) दिल्ली और बहादुरगढ़ के बीच का खंड पहले से ही चार लेन का है ।

(ii) 1997-98 की योजना में हरियाणा में रा.रा.-10 को बहादूरगढ़ से सिरसा तक चार लेन का बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गो की दुर्दशा

4232. **श्री नरेन्द्र मोहन :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गो की दूर्दशा के बारे में जानकारी है;

(ख) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में सरकार को इस संबंध में कोई आदेश या निदेश जारी किये हैं;

(ग) उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गो के रख-रखाव पर खर्च की गई कुल राशि कितनी है तथा वे स्थान कौन से हैं, जहां यह राशि खर्च की गई है; और

(घ) क्या यह सुनिश्चित करने के लिये कि राशि ठीक प्रकार से खर्च की गई, कोई जांच कराई गई है,यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी.जी. वेंकटरामन) : (क) और (ख) जी नहीं । उपलब्ध निधियों के अंतर्गत सभी राष्ट्रीय राजमार्गो को यातायात योग्य स्थिति में रखा जा रहा है । राष्ट्रीय राजमार्गो को यातायात योग्य स्थिति में रखने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को समय-समय पर निर्देश दिए गए हैं/दिए जा रहे हैं ।

(ग) राष्ट्रीय राजमार्गो के रख-रखाव और मरम्मत के लिए उत्तर प्रदेश को वर्ष 1995-97 के लिए 3377.40 लाख रु. आबंटित किए गए हैं जिसका पूर्णत: उपयोग कर लिया गया है ।

(घ) राज्य सरकार ने किसी अनियमितता की कोई सूचना नहीं दी है, इसलिए जांच का प्रश्न ही नहीं उठता ।

Fuel saving by concrete roads

4233. DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether concrete roads can save 20% fuel as experimented by the Central Road Research Institute, National highway Authority of India etc. in Palwal recently; and

(b) if so, the plans envisaged for concretisation of all National Highways to save fuel?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T.G. VENKATRAMAN): (a) It is not possible to make a general statement regarding saving in fuel on the basis of limited experiments. Government has not sponsored any exhaustive study on this aspect.